विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

तर्ज स्वर्ग से सुन्दर सपनों से प्यारा

बहुत दिनों में हुआ फैसला हुआ खत्म इंतज़ार
बनेगा मन्दिर श्री राम का खुशी हुआ संसार
विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

जब ये बनेगा मन्दिर कितनी खुशहाली छाए
राम के दर्शन करने सब लोग अयोध्या जाएं
राम के दर्शन कर लेने से हो जाए उद्धार
विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

दो सौ बारह खंभ बने चोबीस दरवाज़े होंगे
गर्भ गिरह के अन्दर राम लला विराजात होंगे
परशुराम संबाद बने और बने राम दरबार
विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

प्राचीन कला से निर्मित ये मंदिर भव्य बनेगा
जानें कितनी डिज़ाइन होंगी मन्दिर खूब सजेगा
त्रेता युग की यादें होंगी होगी सुन्दरता बेशुमार
विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

जब मन्दिर बन जाए कितनी खुशहाली होगी
खुशियों से झूमेंगे पी एम मोदी सी एम योगी
नेम चंद जी दिवना वाले लिखते उचित विचार
विश्व से सुन्दर होगा राम का मंदिर होगा

लेखक एवम् निर्माता नेम चंद प्रजापति जी
दिवना वाले
मोबाइल नंबर 6397647998

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13678/title/vishav-se-sunder-hoga-ram-ka-mandir-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |